दिनांक 24.06.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

17 अगस्त 2018 तक स्मार्ट कार्ड निगम भिलाई द्वारा बनाया जायेगा

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के निर्देश पर राष्ट्रीय एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के अंतर्गत छुटे हुए परिवारों का स्मार्ट कार्ड बनाये जाने का कार्य सभी जोन में कार्यालय के अंतर्गत किया जा रहा है। सभी जोन में स्वास्थ्य विभाग मितानिन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा पात्र हितग्राहियों का आवेदन फार्म जमा कराया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग के जिला समन्वयक (स्मार्ट कार्ड) श्री देवेश त्रिवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम क्षेत्र के सभी जोन अंतर्गत 23 जुन 2018 तक 2328 हितग्राहियों का पंजीयन पश्चात् मौके पर ही स्मार्ट कार्ड बनाया गया। स्मार्ट कार्ड बनाये जाने के संबंध में शासन के दिशा निर्देशानुसार कार्य का संपादन किया जा रहा है निर्धारित पंजीयन शुल्क के रुप में 30 रुपये प्रति परिवार शासन द्वारा निर्धारित देय शुल्क है उतनी ही राशि पात्र हितग्राहियों से जमा कराई जा रही है। निगम द्वारा शिविर के लिए वार्डवार प्रचार–प्रसार निर्धारित तिथि अनुसार कराया जा रहा है। नगर निगम भिलाई में 56010 परिवारों का स्मार्ट कार्ड बनाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक वार्ड में शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर का प्रारम्भ 21 जून से 17 अगस्त 2018 तक किया जायेगा।

निगम क्षेत्र के सभी 06 जोन कार्यालय के अंतर्गत वार्डवार दिनांक 23 जुन से 30 जुन तक पृथक–पृथक निम्नांकित स्थानों पर शिविर का आयोजन किया गया है – वार्ड 01 जुनवानी में सांस्कृतिक भवन खम्हरिया बस्ती बाजार चौक, वार्ड 02 स्मृति नगर शिविर मंदिर मॉडल टाउन, वार्ड 10 शांतिनगर सामुदायिक भवन प्रजापति भवन के पास, वार्ड 11 अम्बेडकर नगर शास. विद्यालय, वार्ड 13 राजीव नगर वार्ड कार्यालय रामनगर, गुरुनानक नगर, वार्ड 20 प्रगति नगर पानी टंकी केम्प 01 निगम कार्यालय के पास, वार्ड 21 सुन्दर नगर बैकुण्ठ धाम सुन्दर नगर, वार्ड 28 छावनी बस्ती, मंगल भवन मंडल बाजार, वार्ड 29 खुर्सीपार जोन 02 बापू नगर, जलाराम मंदिर बापूनगर, वार्ड 30 बालाजी नगर साई मंदिर ग्राउण्ड, वार्ड 51 सेक्टर–01 पूर्व जोन कार्यालय सेक्टर 06 भिलाई, वार्ड 52 सेक्टर–04 पश्चिम, शास. उच्च. मा. शाला सेक्टर–04, वार्ड 53 सेक्टर–05 पूर्व, दुर्गा मंच सेक्टर–05, वार्ड 40 जोरातराई में मिलन चौक, वार्ड 41 डुण्डेरा मंगल भवन, वार्ड 42 नेवई भाठा दुर्गा मंच।

जन सम्पर्क अधिकारी